पश्चिम रेलवे के लिए योजनाओं/परियोजनाओं को स्वीकृति

6802. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान बजट प्रावधानों के अन्तर्गत पश्चिम रेलवे के लिए स्वीकृत की जाने वाली प्रस्तावित योजनाओं/परियोजनाओं की अलग-अलग संख्या कितनी है;

(ख) गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान राज्यों की किन-किन परियोजनाओं को स्वीकृति हेतु फिलहाल प्रतीक्षा सूची में रखा गया है;

(ग) वर्तमान रेल बजट में इन योजनाओं के लिए सरकार ने कितनी धनराशि के आवंटन का प्रावधान किया है;

(घ) वर्ष 1993-94 के रेल बजट में इन राज्यों की जिन योजनाओं को स्वीकृति दी गई थी उनका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) लम्बित योजनाओं के अतिरिक्त वर्तमान रेल बजट में कितनी योजनाओं को शामिल किया जायेगा?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ़): (क) पश्चिम रेलवे के लिए 1994-95 के बजट में 24 नयी योजनाएं/परियोजनाएं शामिल की गई हैं।

(ख) परियोजनाएं वर्षा-नु-वर्ष आधार पर शुरू की जाती हैं और कोई प्रतीक्षा सूची नहीं रखी जाती है।

(ग) इन 24 नयी परियोजनाओं के लिए चालू रेल बजट में 16.56 करोड़ रुपए के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

(घ) एक विवरण संलग्न है **(नीचे देखिए)**

(ङ) चालू बजट में शामिल किए जाने के लिए फिलहाल कोई नई योजना लम्बित नहीं है।

विवरण

क्र० सं०	योजना/परियोजना का नाम
	गुजरात
1.	राजकोट-यात्री आरक्षण प्रणाली।
2.	सूरत-गोधरा-पूरे रेल पथ का नवीकरण (प्राथमिक) और थ्रू स्लीपर नवीकरण (12.63 कि० मी०); गोधरा-सूरत खंड-थ्रू स्लीपर नवीकरण (2.1 कि० मी०)
3.	वडोदरा-अहमदाबाद — पूरे रेलपथ का नवीकरण और थ्रू पटरी नवीकरण (14.45 कि० मी०)।
4.	अहमदाबाद-वीरमगाम — पूरे रेलपथ का नवीकरण और थ्रू स्लीपर नवीकरण (17.67 कि० मी०)।
5.	वीरमगाम-हापा-थ्रू स्लीपर नवीकरण (28.36 कि० मी०)।
6.	नंदुरबार-जलगांव — पूरे रेलपथ का नवीकरण (38.01 कि० मी०)।
7.	वडोदरा-गोधरा-कांटे और पारणों का बदलाव।
8.	वडोदरा-सिगनल गियरों और लीवर फ्रेमों का बदलाव।
9.	वलसाड-75 बिजली रेल इंजनों को खड़े करने के लिए मौजूदा रेल इंजन शेड सुविधाओं में वृद्धि करना।
	महाराष्ट्र
1.	विरार-जलसर-सूरत-कांटे और पारणों का बदलाव।
2.	बम्बई सेंट्रल-सूरत-गहन स्क्रीनिंग (139.8 कि० मी०)।
3.	चर्चगट-विरार-पूरे रेलपथ का नवीकरण (20 कि० मी०)।
4.	वैतरणा-सफाला-पुल सं० 92 के गर्डर बदलना।
5.	बम्बई सेंट्रल-स्वचल एक्सचेंज का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज से बदलाव।
6.	बोरीवली-मीरा रोड-22 कि० वो० की शिरोपरि ट्रांसमिशन लाइन का भूमिगत केबुलों से बदलाव।

क्र० सं०	योजना/परियोजना का नाम
7.	बम्बई लोकल-2.2 कि० वो० क्यूबिकल/उपस्कर की व्यवस्था और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाना।
8.	बम्बई लोकल-विभिन्न स्थानों पर 2.2 कि० वो० पी० वी० सी० केबुलों की व्यवस्था।
9.	बम्बई लोकल-संपर्क तार (10 कि० मी०)।
10.	बम्बई लोकल-जंग लगी संरचनाओं का जस्ता लगी संरचनाओं से बदलाव (81 अदद)।
	राजस्थान
1.	फुलेरा-मारवाड़-अहमदाबाद का आमान परिवर्तन—572 कि० मी०
2.	मथुरा-कोटा-पूर्व रेल पथ का नवीकरण और थ्रू स्लीपर नवीकरण (39.36 कि० मी०)।
3.	कोटा-मथुरा-पूर्व रेलपथ का नवीकरण और थ्रू स्लीपर नवीकरण (20.11 कि० मी०)
4.	कोटा-गंगापुर सिटी-कांटे और पारणों का बदलाव।
5.	कोटा मंडल-सिगनल गियरों और लीवर फ्रेमों का बदलाव।

इन्दौर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधायें

6803. **श्री अजीत जोगी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इन्दौर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए बिजली और सफाई जैसी सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु रेल यात्रियों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं;

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ): (क) और (ख) जी नहीं, इन्दौर स्टेशन पर पहले ही पर्याप्त संख्या में लाइट फिटिंग और पंखों की व्यवस्था की गयी है बहरहाल, इस आशय के अनुदेश जारी किए गए है कि इस स्टेशन पर सफाई के स्तर में सुधार लाया जाए।

Gauge Conversion from Gondia to Wadsa

6804. SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:
SHRI RAJNI RANJAN SAHU:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what progress has been made so far in the gauge conversion work on the 103 km. stretch of line from Gondia (Bhandra) to Wadsa (Godchiroli); and

(b) whether it is likely to be completed in due time, if so. by when?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) The work has since been completed.

गुजरात में तारापुर भावनगर रेल लाइन को पूरा किया जाना

6805. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का वर्ष 1994-95 के दौरान गुजरात-सौराष्ट्र क्षेत्र में तारापुर भावनगर रेल लाइन परियोजना का कार्य आरम्भ करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो कब तक और उक्त परियोजना पर अनुमानतः कितनी लागत आयेगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) संसाधनों की तंगी।